हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 282 देहरादून, मंगलवार, 07 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने PRSI के पदाधिकारियों को दी बधाई 3

# केदारनाथ यात्रा में पहली बार अनोखी पहल गुप्तकाशी सोनप्रयाग के विद्यार्थी संभालेंगे ट्रैफिक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 07 मई : इस बार छात्र-छात्राएं भीड़ पर काबू पाने, ट्रैफिक जाम खुलवाने और यात्रियों के ठहरने आदि में सहयोग करने जैसे काम करेंगे, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी सहित यात्रा के दौरान भीड़ मैनेजमेंट एवं यात्रियों की अन्य सहायता करने का मौका मिलेगा।

केदारनाथ यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है, इस बीच रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन एक अनोखी पहल कर रही है। जिसमें छात्र-छात्राओं में मैनेजमेंट स्किल को बेहतर बनाया जाएगा। क्यूंकि नई शिक्षा नीति में कौशल विकास को भी शामिल किया गया है। जिसके तहत उनकी स्किल उभारने के लिए उन्हें व्यवस्था संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण लेकर ये छात्र-छात्राएं भीड़ पर काबू पाने, ट्रैफिक जाम खुलवाने और यात्रियों के ठहरने आदि में सहयोग करने जैसे काम करेंगे।

नई शिक्षा नीति में छात्रों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छात्र-छात्राओं में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रति रुझान पैदा करने एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य के हिसाब से कौशल विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग हरसंभव प्रयास कर रहा है।






इस विशेष पहल के अंतर्गत इस साल केदारनाथ की यात्रा में गुप्तकाशी से सोनप्रयाग के स्कूलों के छात्र-छात्राओं को यात्रा मैनेजमेंट में सहयोग करने का मौका दिया जाएगा। जो छात्र-छात्राएं इसमें इच्छुक होंगे उन्हें मॉक ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद यात्रा के दौरान भीड़ मैनेजमेंट, जाम की स्थिति में गाड़ियों की लाइन ठीक करवाना, स्वास्थ्य, जल सहित अन्य प्राथमिक आपातकाल होने पर ये लोग पुलिस को सूचित करेंगे और स्कूली छात्र भी इसमें रुचि दिखा रहे हैं। इसी क्रम में इंटर कॉलेज फाटा में पर्यटन विकास आधारित कोर्स लॉन्च भी किया जा चुका है, भविष्य में इसी प्रकार अन्य स्कूलों में यही या अन्य कोर्स लागू करने की तैयारी है।

## उत्तराखंड : 5 जिलों में जमकर बरसेंगे बादल, आंधी बारिश का यलो अलर्ट जारी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 07 मई : मौसम विभाग के अनुसार प्रचंड गर्मी से राहत मिलेगी प्रदेश के चार जनपदों में बारिश की आशंका है जिससे जंगलों की बेकाबू आग पर थोड़ा नियंत्रण होगा। मैदानी क्षेत्र रुद्रपुर-हरिद्वार में हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में अभी पहाड़ से लेकर मैदान तक चटख धूप खिल रही है जिस कारण पारा चढ़ने के साथ गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है, मैदानी क्षेत्रों के तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से सेहत बिगड़ रही है। वहीं चिलचिलाती गर्मी के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में जंगल की आग तेजी से फैल रही है और तापमान में जबरदस्त इजाफा हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के जनपद उत्तरकाशी, चमोली ,रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना है और इन जिलों की ऊंची चोटियों में हल्की बर्फबारी भी हो सकती है। वहीं मैदानी क्षेत्रों में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा और लू चलने की भी चेतावनी जारी की गई है।

उत्तराखंड में इस फायर सीजन में अब तक 910 घटनाओं में 1144 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। सुलगते जंगलों की आग रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंचने के कारण संकट भी बढ़ गया है। इस चिलचिलाती गर्मी के कारण जंगलों की आग भी बेकाबू हो रही है। जिसकी चपेट में आकर अब तक पांच की मौत और पांच लोग घायल हो चुके हैं।


देहरादून का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री व न्यूनतम 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर का अधिकतम 38.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया और मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

## उत्तराखंड : टेलीग्राम के जरिए वर्क फ्रॉम होम के नाम पर महिला से की लाखों की ठगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की 07 मई : देश भर में इन दिनों वर्क फ्रॉम होम स्कैम तेजी से फैल रहा है, आए दिन कई लोग इन साइबर ठगों के जाल में फंसकर लाखों रुपए गँवा देते हैं, ऐसा ही कुछ रुड़की की एक महिला के साथ हुआ है जहाँ पर उनसे घर बैठे काम करने के नाम पर लाखों रुपए का चूना लगा गए।

कोविड के बाद से वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ गया है। कई लोग चाहते हैं कि उन्हें ऐसा काम मिले जिससे वह घर बैठे ही कर सकें। महिलाएं भी चाहती हैं कि उन्हें ऐसा काम मिले कि जिसे घर से ही पूरा किया जा सके। साथ ही वे अपनी घरेलू जिम्मेदारियों को भी निभा सकें। साइबर ठग इसी मानसिकता फायदा उठाकर लोगों को वर्क फ्रम होम का झांसा दे रहे हैं और उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रुड़की से आया है जहाँ पर एक महिला को वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर साइबर ठग ने लाखों रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।




राजेश कुमार सिंह निवासी दुर्गा कॉलोनी (रुड़की) इन्होने कोतवाली में तहरीर देकर बताया की उनकी पत्नी को वर्कफ्रॉम होम के नाम से एक कॉल आया था, जिसके बाद पत्नी को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया। इस ग्रुप में पहले से काफी सदस्य शमिल थे और इनके कुल छह ग्रुप बने हुए थे जहाँ पर इन्होने वर्क फ्रॉम होम के काम बताए गए थे। इस बीच कुछ जरूरी कागजी कार्यवाही हुई और शुल्क के नाम पर पैसे लिए गए। ठगों ने बातों में उलझाकर विभिन्न बैंक खातों में 8.20 लाख की मोटी रकम ट्रांसफर कर ली। राजेश कुमार ने बताया कि 1 मई और 2 मई के दिन पत्नी से ऑनलाइन फ्रॉड हुआ था। पुलिस ने शनिवार को अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जिन फोन नंबरों, टेलीग्राम ग्रुप और बैंक खातों की जानकारी मिली है उनके बारे में पुलिस जांच करेगी।

# लू लग जाने पर अपनाएं ये उपाय, मिलेगा तुरंत आराम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी अपना रिकॉर्ड तोड़ रही है। गर्मियों का मौसम अपने साथ कई तरह की समस्याएं भी लेकर आता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है वैसे-वैसे सेहत संबंधी समस्याएं भी परेशान करने लगती हैं खासतौर से अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर है तो। लू लगना, सिर चकराना, डिहाइड्रेशन और पाचन गड़बड़ाना ये सबसे कॉमन प्रॉब्लम्स हैं।

गर्मियों में लू लगना कोई बड़ी बात नहीं है। इसे हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक भी कहते हैं। हीट स्ट्रोक तब होता है, जब आप लंबे समय तक धूप में रहते हैं और आपका शरीर अपने तापमान को कंट्रोल नहीं कर पाता। ऐसे में शरीर का तापमान तेजी से बढ़ने लगता है और पसीना भी नहीं निकलता, जिससे शरीर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाती। बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है और बेहोशी छाने लगती है। ऐसे में समझ ही नहीं आता है क्या किया जाए। आज हम आपको ऐसे कुछ उपायों के बारे में बताने वाले हैं जिनकी मदद आप गर्मियों में लू से बचे रह सकते हैं।

लू से बचने के आयुर्वेदिक उपाय प्याज का रस प्याज खाना और इसका रस पीना दोनों ही लू का रामबाण इलाज है। गर्मियों में प्याज को खासतौर से डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। कच्चा प्याज खाना लू से बचाव का कारगर उपाय है। साथ ही इसका रस भी पिया जा सकता है। इसके अलावा लू लग जाने पर प्याज का रस निकालकर हाथ, पैरों के तलवों पर लगाने से शरीर का तापमान कम होने लगता है।

बेल का शरबतआयुर्वेद की मानें तो बेल का शरबत गर्मियों में पीना बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन सी के साथ बेल में फाइबर की भी अच्छी-खासी मात्रा होती है। इसे पीने से लू से बचाव होता है और पाचन से जुड़ी दिक्कतें भी दूर होती हैं। धनिया-पुदीने का रस लू लग जाने धनिया व पुदीने का रस पीना चाहिए। जो शरीर को ठंडक देती है। रस पीने के अलावा आप धनिया और पुदीने की चटनी बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

सौंफ का पानी लू लगने पर सौंफ का पानी पीना भी बेहद फायदेमंद होता है। सौंफ का सेवन करने से शरीर का तापमान रेग्युलेट होता है। रात भर के लिए सौंफ को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें और सुबह ये पानी पी लें। नींबू पानीनींबू पानी गर्मियों के लिए बेस्ट ड्रिंक है, जो लू से बचाने का काम करता है।

विटामिन सी से भरपूर नींबू इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार है। इसे पीते ही शरीर एकदम तरोताजा हो जाता है। साथ ही नींबू-पानी डिटॉक्सिफिकेशन में भी मदद करता है।इन चीजों पर भी दें ध्यानरोगी तो तुरंत ठंडी, छाया व हवादार जगह पर लिटा दें।सिर, छाती,




पीठ, बांह और हाथ-पैरों पर बर्फ लगाएं। बर्फ न मिलने पर गीला कपड़ा भी इस्तेमाल कर सकते हैं। होश आने पर जूस या पानी पिलाएं।

# रात में एफिल टावर की फोटो खींचने पर पाबंदी क्यों, बेहद दिलचस्प है वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : पेरिस का एफिल टावर दुनिया के सबसे फेमस टूरिस्ट स्पॉट में से एक है. हर कोई यहां जाकर अपनी तस्वीर लेना चाहता है. एफिल टावर के साथ खुद को एक फ्रेम में देखना चाहता है. लेकिन क्या आपको पता है कि एफिल टावर की फोटो आप रात में नहीं खींच सकते? बकायदा कानूनी रूप से इस पर पाबंदी लगाई गई है. यहां तक कि अगर आपने गलती से भी टावर की चुपचाप फोटो खींची तो आपके खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा इसलिए है, क्योंकि यूरोपीय कॉपीराइट कानून में लाइटिंग को आधिकारिक तौर पर आर्ट के रूप में वर्गीकृत किया गया है. और पियरे बिड्यू ने जब 1985 में इसे डिजाइन किया था, तब उन्होंने इसे



लाइटिंग के रूप में ही रखा था. किसी शख्स की मौत के बाद 70 साल तक कॉपीराइट वजूद में रहता है. चूंकि बिड्यू की मौत 2021 में हुई, इसलिए जब तक ये 70 साल पूरे नहीं हो जाते, उनका कॉपीराइट रहेगा. तब तक रात में एफिल टावर की फोटो खींचने पर पाबंदी रहेगी.

अनुमति लेनी होगीअगर आप रात में इसकी तस्वीर लेना चाहते हैं, तो आपको इसके लिए आवेदन करना होगा. एफिल टावर का संचालन करने वाली कंपनी ला सोसाइटी डीएक्सप्लॉइटेशन डे ला टूर एफिल ने इसके बारे में जानकारी दी है. उनके मुताबिक, जो कोई भी रात में टावर की तस्वीर लेना चाहता है, उसे अनुमति लेनी होगी. इसके लिए भुगतान करना होगा और फिर एफिल टावर की लाइटिंग डिजाइन करने वाले कलाकार को इसका श्रेय देना होगा. अगर आपने ऐसा नहीं किया, तो जुर्माना भरना होगा. कानून का मुख्य उद्देश्य इसके व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाना है.तस्वीर को कभी बेचा नहीं जा सकताब्रांड फोटोग्राफर मार्क नूस ने एक बार कहा था, हम इस स्मारक की प्रतिदिन हजारों तस्वीरें लेते हैं. कई बार बिना किसी को बताए, शूट कर लेते हैं, जैसा कि हर कोई करता है. लेकिन रात में खींची गई तस्वीर को कभी बेचा नहीं जा सकता. इसके खतरे हैं. दनि में टावर की तस्वीर लेना ठीक है. मगर सोचना चाहिए, गुस्ताव एफिल नाम के जसि शख्स ने इस टावर को बनाया, उसकी तो 100 साल पहले ही मौत हो चुकी है. ऐसे में उसका तो कोई कॉपीराइट नहीं बचा.

एफिल टावर पर एक लाइट एंड साउंड शो चलता है. शाम ढलने के 10 मिनट के अंदर यह लाइट पूरे टावर को रोशन कर देती है. लाइट कब जलेगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूरज कब डूब रहा है. रात में 11.45 बजे इन लाइटों को बंद कर दिया जाता है. आप जानकर हैरान होंगे कि हर घंटे के पहले पांच मिनट में एफलि टावर के अंदर लगे 20000 बल्ब एक साथ चमकते हैं. जसिसे एक हैरान कर देने वाली रोशनी बिखरती है.

# केवल गर्मी से नहीं बचाता नारियल पानी, ये फायदे भी जान लीजिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : नारियल का पानी केवल गर्मी से राहत नहीं देता। बल्कि यह कई सारी बीमारियों को दूर रख सकता है। नारियल एक ऐसा फल है, जो आपके स्वास्थ्य से लेकर खूबसूरती तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस एक फल में इतने सारे बेनेफिट्स है कि यह आपको कैंसर की बीमारी के रिस्क तक से बचा सकता है।नारियल पानी का पोषणः इसमें एनर्जी, प्रोटीन, गुड फैट, कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर, आयरन, विटामिन ए, विटामिन सी और फैटी एसिड की मात्रा पाई जाती है। इसका सेवन आपके शरीर में कई आवश्यक पोषक तत्वों की कमी को पूरा करता है।




पाचन की मशीन होगी तेजनारियल पानी में पाए जाने वाले आंतरिक तत्व आपके पाचन सिस्टम के लिए अच्छे हैं। नारियल के पानी में लगभग 9 प्रतिशत फाइबर भी होता है, जो पेट की दिक्कतों को शांत करने के साथ कब्ज को भी दूर करने में मदद करता है।ब्लड प्रेशर का कंट्रोल बटननारियल पानी में एंटी थ्रोम्बोटिक गुण पाए जाते हैं, जो एंटी थ्रोम्बोसिस के कारण नसों में ब्लड जमा नहीं होने देता है। ये बात कई रिसर्च में साबित हुई है कि नारियल पानी हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकता है। इसके अलावा नारियल पानी में पोटैशियम की भी अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में सहायक होती है।हार्ट हेल्थ सुधरेगीनारियल पानी में लिपिड यानी फैट बहुत कम होता है, ऐसे में यह बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता है, जिससे हार्ट अटैक का रिस्क कम हो जाता है। हार्ट पेशेंट को डॉक्टर्स भी नारियल पानी का सेवन करने की सलाह देते हैं।

# इकलौता होटल, जहां सुविधा नहीं मिलती, बेइज्जती के वसूले जाते हैं पैसे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : आमतौर पर लोग अपनी जिंदगी से थोड़ा सा ब्रेक लेते हैं और होटलों में खाने-पीने और लग्ज़री का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं. कहीं भी जाना हो, सबसे पहले ये चेक किया जाता है कि वहां क्या-क्या सुविधाएं मिल रही हैं और स्टाफ का रिव्यू क्या है. सोचिए, ऐसे में अगर आपको वहां पहुंचते ही स्वागत के बजाय भद्दे मज़ाक और गंदी तरह से व्यवहार करने वाले लोग मिलें, तो आप क्या करेंगे।

दरअसल हम आपको ये सब इसलिए बता रहे हैं क्योंकि एक रेस्टोरेंट ऐसा है, जहां पैसे लेकर भी कस्टमर्स को गालियां दी जाती हैं और वे चुपचाप बेइज्जती सह लेते हैं. यहां के स्टाफ से कुछ भी कहने का मतलब है, उनसे उल्टा जवाब सुन लेना. ऐसा नहीं है कि वो अपने मन से ऐसा करते हैं, दरअसल उन्हें भी अपमान करने के ही पैसे मिलते हैं. है ना दिलचस्प।



ग्राहकों को बेइज्जत करने वाला होटल : हम जिस होटल की बात कर रहे हैं, वो लंदन के बर्नेट में मौजूद है. जिसे कैरेंस होटल के नाम से जानते हैं. यहां पहले से ही कैरेंस डाइनर नाम से रेस्टोरेंट था, जिसमें अब होटल को भी जोड़ा गया है. यहां आने वाले ग्राहकों को खाने के साथ-साथ जमकर बेइज्जत किया जाता है. होटल स्टाफ से अगर ठहरने वाले पानी भी मांग लें, तो सामने जवाब मिलता है कि सिंक से ले लो. वे खुद का विज्ञापन भी इसी तरह करते हैं कि वो दुनिया के सबसे खराब होटल हैं. यहां आने वालों को तौलिया, टॉयलेट रोल्स और बेसिक सुविधाएं भी नहीं दी जाती हैं।

20 हज़ार है एक रात का किराया

ऐसा नहीं है कि इतने के बाद होटल का किराया कम है. यहां रुकने के लिए एक रात का रेंट 20 हज़ार रुपये है. कमरे में इतनी गंदगी रहती है कि देखकर दिमाग खराब हो जाए. न बिस्तर लगा रहता है और न ही चीजें सही जगह पर रखी रहती हैं. इस होटल को साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में खोला गया था, जिसकी चेन अब ब्रिटेन में भी मौजूद है. यहां के वेटर और वेट्रेस इस बात में ट्रेंड होते हैं कि सामने वाले ग्राहक की बेइज्जती किस तरह की जाए।

# डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने PRSI के पदाधिकारियों को दी बधाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ बेहतर परिणाम के लिए आधुनिक सूचना तकनीक को अपनाना होगा : बंशीधर तिवारी

**पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया देहरादून चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने डीजी सूचना से शिष्टाचार भेंट**

देहरादून 07 मई : पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया देहरादून चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया सेंटर सचिवालय में सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी से शिष्टाचार भेंट की। सूचना महानिदेशक ने पीआरएसआई की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आशा व्यक्त कि पीआरएसआई उत्तराखंड की छवि को देश दुनिया के सामने रखने में सहयोगी बनेगा। योजनाओं को सही तरीके से आमजन तक पहुंचाने में सभी विभागों और संगठनों को मिलकर काम करना होगा। इसमें पीआरएसआई सहायक हो सकता है। जनसंपर्क क्षेत्र को मजबूत करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि बेहतर परिणाम के लिए आधुनिक सूचना तकनीक को अपनाना होगा। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि पीआरएसआई जनसंपर्क के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा संगठन है। लगभग प्रत्येक राज्य में इसकी शाखाएं हैं। उत्तराखंड की विशेषताओं और संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने में पीआरएसआई महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है।




पीआरएसआई देहरादून के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने कहा कि पीआरएसआई द्वारा सभी विभागों और संगठनों के जनसंपर्क कर्मियों को एक प्रभावी प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव अनिल सती ने पीआरएसआई के क्रियाकलापों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पीआरएसआई के कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट, सदस्य मनोज सती, प्रियांक भी उपस्थित थे।

# देहरादून : वर्दी की आड़ में सिपाही ने दुकानदार से ठगे 49 हजार रुपये, बाद में हुआ निलंबित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 मई : दुकानदार ने आरोपित सिपाही के खाते में विश्वास करते हुए 49 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब पैसे लौटाने का समय आया तो सिपाही ने मना कर दिया। राजधानी देहरादून से एक ऐसा मामला सामने आया है यहाँ पर एक सिपाही ने वर्दी का धौंस दिखाकर दुकानदार से 49 हजार रुपये के ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए और जब दुकानदार ने बाद में कैश वापस देने की बात कही तो सिपाही ने रुपये देने से इनकार कर दिया। मामला जब एसएसपी के पास पहुंचा तो उन्होंने तत्काल आरोपित सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किए और सिपाही को निलंबित भी कर दिया है।





सास के इलाज के नाम पर लिए रुपएआरोपी सिपाही ने दुकानदार से कहा कि उसे सास के इलाज के लिए पैसे चाहिए तुम मुझे पैसे ऑनलाइन अकाउंट में ट्रांसफर करो में तुम्हे कैश देता हूँ। लेकिन जब दुकानदार ने ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर दिए तो सिपाही ने वर्दी का रौब दिखाते हुए पैसे देने से मना कर दिया। दुकानदार ने बताया कि पैसे लौटाने की बजाय वह वर्दी का रौब झाड़ता रहा। परेशान होकर दुकानदार ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया, जिसके बाद शहर कोतवाल केसी भट्ट मौके पर पहुंचे और सिपाही जौनी सिंह को अपने साथ ले गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# हॉफ डॉ धनंजय मोहन के सख्त आदेश वनाग्नि पर अधिकारी रहें सचेत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड के जंगलों में आग की घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश को अमल में लाने के लिए , डॉक्टर धनंजय मोहन प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखंड ने अपने कार्यालय आदेश में अधीनस्थ अधिकारियों को वनाग्नि से प्रभावित जिलों में वनाग्नि की घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए अन्य विभागों के साथ सहयोग और समन्वय को मजबूती से लागू करने के लिए वन विभाग मुख्यालय पर तैनात वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करके जंगल की आग को रिस्पांस टाइम कम करने यानि कि कम से कम समय के अंदर काबू पाने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए हैं।

डॉ धनंजय मोहन ने अपने आदेश में वन विभाग मुख्यालय के अधिकारियों को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में नामित करके जिम्मेदारी तय करने के आदेश दिए हैं।कार्यालय आदेश में कहा गया है कि इन अधिकारियों द्वारा संबंधित जनपदों के वन प्रभागों में वनाग्नि की घटनाओं के प्रबंधन प्रभावी नियंत्रण, अनुश्रवण जिला स्तर पर अन्य सहयोग और सामंजस्य स्थापित करके तुरंत प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि आवश्यकता पड़ने पर अधिकारियों को फील्ड में उतरकर आग की घटनाओं पर नियंत्रण और निदान करना मुख्य लक्ष्य है, इसके साथ ही आदेश में यह भी कहा गया है कि अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके नाम वन मुख्यालय के कार्यालय और अपर प्रमुख वन संरक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन उत्तराखंड को उपलब्ध कराते हुए विस्तृत रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए ताकि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की जा सके।







कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड।

'प्रथम तल' 85, राजपुर रोड, Email :-pccfuk@gmail.com Ph. No. 0135-2746934,2741461, Fax-2741630, 2741462

पत्रांक 755 /27-1 देहरादून, दिनांक : 04 मई, 2024।

कार्यालय आदेश

मा० मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में दिनांक 04.05.2024 को वनाग्नि नियंत्रण/रोकथाम हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया है कि वनाग्नि सत्र 2024 में वनाग्नि से अतिप्रभावित जिलों में वनाग्नि घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण जिला स्तर पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध हो रहे अन्य विभागीय सहयोग एवं समन्वय को सुदृढ़ करने हेतु वन विभाग मुख्यालय पर तैनात वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया जाये।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में निम्नलिखित वरिष्ठ अधिकारियों को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया जाता है :-

| क्र०सं० | नोडल अधिकारियों का नाम | आवंटित जनपद | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री बी०पी० गुप्ता, प्रमुख वन संरक्षक, प्रशासन, उत्तराखण्ड। | नैनीताल | वनाग्नि सत्र 2024 की अवधि तक |
| 2 | डॉ० कपिल कुमार जोशी, प्रमुख वन संरक्षक, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तराखण्ड। | अल्मोड़ा | |
| 3 | श्री जी०एस० पाण्डे, प्रमुख वन संरक्षक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड कैम्पा। | बागेश्वर | |
| 4 | श्री आर०के० मिश्र, प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड। | उत्तरकाशी | |
| 5 | श्री कपिल लाल, अपर प्रमुख वन संरक्षक, परियोजनायें, उत्तराखण्ड। | टिहरी | |
| 6 | डॉ० विवेक पाण्डे, अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव। | चमोली एवं रूद्रप्रयाग | |
| 7 | डॉ० परागमधुकर धकाते, मुख्य वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड। | हरिद्वार एवं देहरादून | |
| 8 | श्रीमती तेजस्वनी पाटिल, मुख्य वन संरक्षक/निदेशक, वानिकी प्रशिक्षण अकादमी, हल्द्वानी। | ऊधमसिंहनगर एवं चम्पावत | |
| 9 | श्री राहुल, मुख्य वन संरक्षक, अनुश्रवण, मूल्यांकन, आई०टी० एवं आधुनिकीकरण | पौड़ी गढ़वाल | |

## संक्षिप्त खबरें

### तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस भ्रष्टाचार में पार्टनर : धामी

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सोमवार को कशिश फंक्शन हॉल मुशीराबाद में भाजपा के सिंकदराबाद (हैदराबाद) लोकसभा सीट से प्रत्याशी जी किशन रेड्डी के पक्ष में आयोजित युवा सम्मेलन में कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस भ्रष्टाचार में पार्टनर हैं। इन दोनों ही दलों ने हमेशा देश के साथ तेलंगाना को ठगने का काम किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से कहा कि सभी को लोकतंत्र के इस महायज्ञ में बढ़ चढ़कर भाग लेना है और हम सभी ने मिलकर जी किशन रेड्डी को जिताकर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि रेड्डी बहुत संघर्षशील और मेहनती नेता हैं। इन्होंने हमेशा जनसेवा, देशसेवा के माध्यम से पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा आज पूरे देश में मोदी की सरकार बनने की चर्चा है। अब चर्चा 400 से पार को लेकर हो रही है। आगामी 13 मई को ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में पूरी दुनियां से लोग देव दर्शन के लिए आते हैं। उत्तराखंड राज्य सरकार ने लैंड जिहाद पर कड़ी कार्रवाई करते हुए हजारों एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाया है। उत्तराखंड राज्य में सबके लिए एक समान कानून है। राज्य ने समान नागरिक संहिता का विधेयक लागू कर दिया है। अब भाजपा पूरे देश में यूसीसी को लागू करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस के लोग पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करने की बात करते हैं। कांग्रेस ने ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म विशेष के लोगों को दे दिया है। उन्होंने कहा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक एक वर्ग विशेष का है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने देश के अंदर सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों को आगे लाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की, लेकिन कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण के चलते आज धर्म के आधार पर आरक्षण की बात करती है। आग लगने की इन घटनाओं से सिर्फ अमूल्य वन सम्पदा ही नष्ट नहीं हो रही है, बल्कि वन्य पशु, पेड़, वनस्पतियां, जल स्रोत और यहां तक कि ग्लेशियर भी संकट में हैं। माहरा ने कहा कि आग लगने से जान माल के नुकसान का भी खतरा पैदा हो रहा है। दूनागिरी मन्दिर के निकट जंगल में लगी आग से श्रद्धालुओं तक को अपनी जान बचानी पड़ी। एडीधूरा मन्दिर में आग से स्थानीय धर्मशाला पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई है। वन विभाग के अधिकारी केवल देहरादून के कमरों में बैठ कर नीतियां बना रहे हैं। सरकार आग से बचाव को ठोस रणनीति बनाएं। पहले की तरह वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। जनता को जल जंगल और जमीन पर उसके अधिकार दिए जाएं। वन पंचायतों को सक्रिय कर आंधी तूफान से गिरे हुए पेड़ों को उठाने के अधिकार दिए जाएं। ताकि हर वर्ष होने वाले इस नुकसान से बचा जा सके।

### पेस्टल वीड स्कूल ने छात्रों का पुनर्मिलन समारोह मनाया

देहरादून। 'द पेस्टल वीड स्कूल' के सदाबहार परिसर में सोमवार को द पेस्टल वीड स्कूल और चिल्ड्रन एकेडमी के पूर्व छात्रों के पुनर्मिलन के साथ प्रेरणा समारोह और वार्षिक पुरस्कार वितरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेजर जनरल यशपाल सिंह अहलावत पत्नी रेणु के साथ पहुंचे। स्कूल के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण किया गया। रेणु सिंह ने कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों और वरिष्ठ बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। मेजर जनरल यशपाल सिंह ने छात्रों से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए जीवन में लक्ष्य बनाना जरूरी है। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। मौके पर किरण कश्यप, मेजर जनरल शम्मी सबरवाल (सेवानिवृत्त), श्रीदेव सुमन गढ़वाल विवि के कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, प्रधानाचार्य जतिन सेठी, अनिल मेहरा, डा. राजेश तिवारी, डॉ एससी बियाला आदि मौजूद थे।

### भवाली में कार की टक्कर से बाइक घायल

नैनीताल। भवाली में सोमवार दोपहर पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे सीएचसी भवाली से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार आफरीदी उर्फ साहिद व सलमान पुत्र फसरत निवासी रेलवे बाजार हल्द्वानी बाइक से अल्मोड़ा जा रहे थे। इस बीच भवाली में कैंची धाम से आ रही कार की टक्कर से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गई। जिससे बाइक चला रहे आफरीदी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी भवाली ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल डीआर वर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# इन तरीकों से कम करें डिस्ट्रैक्शन और बढ़ाएं फोकस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : अक्सर आपने देखा होगा कि आप बहुत दिल लगा कर कोई काम करना शुरू करते हैं और फिर मात्र दो से तीन मिनट के अंदर आप कुछ और करने लग जाते हैं या फिर किसी और चीज़ के बारे में सोचने लगते हैं। शुरू किया हुआ काम बीच में ही अटक कर रह जाता है और फिर इसी तरह इस काम को टालते हुए आप इसे करने में देर कर देते हैं। यह एक डिस्ट्रैक्शन है जिसका मतलब यह हुआ कि आपका फोकस कमजोर है और आप अपने काम के प्रति सजग नहीं हैं। एक जिम्मेदार व्यक्ति के लिए ऐसा करना उनके जॉब या अन्य जरूरी काम करने के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है

सोशल मीडिया का इस्तेमाल सीमित करें: आजकल की जिंदगी में सोशल मीडिया ऐप सबसे ज्यादा डिस्ट्रैक्ट करने का काम करती हैं। आप घंटों उसे देखने में बिता सकते हैं। इसके लिए आप मोबाइल फोन से इस तरह की ऐप्स को अनइंस्टॉल कर सकते हैं। इससे आप जरूरत पड़ने पर ही इन्हें देखेंगे। अपने दिमाग को इतना सचेत रखें कि इनका इस्तेमाल आपको 24 घंटे में 2 घंटे से अधिक नहीं करना है।

साइलेंट मोड ऑन करें: जब आप कोई जरूरी काम कर रहे हों तो अपने फोन को साइलेंट कर दें और नोटिफिकेशन ऑफ कर दें। फिर मोबाइल को पलट कर खुद से दूर रखें। दिमाग को इस बात के लिए तैयार करें कि काम खत्म होने से पहले फोन को नहीं छुएंगे।

काम को टुकड़ों में बांटें: आपको जो भी काम करना है उसे कई टुकड़ों में बांट दें और एक शिफ्ट करने के बाद छोटा-सा ब्रेक ले कर दोबारा करना शुरू करें। इस तरह आप अपने काम से बोर नहीं होते या थकते नहीं हैं और छोटे-छोटे टुकड़ों में काम होने की वजह से उसे जल्दी से पूरा करने के लिए तत्पर रहते हैं। लंबे समय के काम सोच कर ही शुरुआत में गिव-अप करने का मन हो जाता है, जिससे फोकस कम होता है और मन आसानी से किसी उत्साह वाली बात ही तरफ आकर्षित हो जाता है।

टू डू लिस्ट बनाएं और अलार्म सेट करें: सोने से पहले अगले दिन के जरूरी काम की लिस्ट बनाएं और उन्हें करते समय उन्हें खत्म करने का अलार्म सेट करें। एक अनुमानित समय सीमा निर्धारित करें जिसके अंदर काम खत्म करने का प्रयास करें। टू डू लिस्ट बनाने से आप अपने काम के प्रति सजग रहेंगे,आपको पता होगा कि आपको कितना काम करना है, साथ ही अलार्म सेट करने से आपका फोकस उसे खत्म करने की तरफ रहेगा।

# ये है 'उड़ता महल' मिलती है लग्जरी सुविधाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : बोइंग 747-8 दुनिया का सबसे बड़ा प्राइवेट जेट है, जिसे 'प्लाइंग मेंशन' यानी 'उड़ता महल' नाम दिया गया है. इसमें वो सब कुछ है, जो आपके सफर को अव्वल दर्जे का आरामदायक बनाता है. इसमें सुनहरी की सजावट वाले बेडरूम और शानदार बाथरूम हैं. इसकी ऐसी ही लग्जरी सुविधाओं को देख कर आपकी आंखें चौंधिया जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह काफी अच्छा विमान है. इसमें कई विशाल मीटिंग रूम्स और डाइनिंग रूम्स के साथ-साथ एक मास्टर सुइट (Master Suite) सहित कई बेडरूम हैं, जिनमें लोगों की सुविधाओं को देखते हुए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं. इन कमरों की सुंदरता देखते ही बनती है, जो यकीनन आपको बहुत पसंद आएंगे।

यात्रियों की नींद बेहतरीन रहे, विमान में खासतौर से इस बात का ख्याल रखा गया है. इसके अलावा विमान में स्टोरेज के लिए भी काफी जगह है, इसलिए यात्रियों को चीजों को कम पैकिंग कर ले जाने की टेंशन नहीं होगी. वे ज्यादा से ज्यादा सामान अपने साथ ले जा पाएंगे. बेडरूम में शीशों, लकड़ी और सुनहरी सजावट है. बाथरूम को भी इस तरह से डेकोरेट किया गया है।

मास्टर बेडरूम से लिविंग एरिया तक एक सुनहरी सीढ़ियां जाती हैं, जो बुकशेल्फ़, दीवारों पर कलाकृति और लंबी दूरी की उड़ान पर आराम करने के लिए आलीशान सोफे से सुसज्जित हैं. एक अलग मीटिंग एरिया में 3 सोफे भी हैं, जो उड़ान के वक्त खेल या ड्रिंक्स के साथ आराम करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं. हालांकि, इसमें काफी जगह है और डिजाइन भी बहुत शानदार है।

बोइंग 747-8 को पहली बार नवंबर 2005 में उड़ाया गया था. 224 फीट के पंखों के साथ, विशाल जेट एक समय में 467 यात्रियों को ले जा सकता है, जो रयानएयर विमान की क्षमता से दोगुने से भी अधिक है. हालांकि, इस विमान में सफर करने के लिए आपको काफी बड़ी रकम चुकानी पड़ेगी. Simpleflying.com के अनुसार, बोइंग 747-8 विमान के मालिक रियल एस्टेट टाइकून जोसेफ लाउ हैं, जिनकी कुल संपत्ति £10.3 बिलियन से अधिक मानी जाती है।

# UP : युवक की छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने जहर खाकर दी जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तर प्रदेश 07 मई : गांव के ही एक युवक से परेशान छात्रा ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अमरोहा के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। हालांकि छात्रा के परिजनों ने अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है।मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी ग्रामीण राज मिस्त्री है। उसकी 17 वर्षीय बेटी ने इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। छात्रा ने रविवार की सुबह जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पता चलने पर परिजन घबरा गए। पूछने पर उसने बताया कि गांव का ही एक युवक उसको परेशान करता है।

छात्रा को परिजनों ने उसे गजरौला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर उसको अमरोहा के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है कि छात्रा की आत्महत्या की जानकारी है, लेकिन उसे कोई परेशान करता था, ऐसा कोई बात सामने नहीं आई। गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। छात्रा के पास फोन मिलने पर परिजनों उसे डांट दिया था। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आरोपी पहले भी कर चुका है छात्रा को परेशानयुवक पहले भी छात्रा परेशान करता था। एक दो बार छात्रा ने उनकी हरकत पर ध्यान नहीं दिया। लगातार परेशान करने पर परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। जिसके बाद चलते गांव में पंचायत बैठी। आरोपी को डांट फटकार लगाकर मामला निपटा दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईपी में लगा स्वास्थ्य शिविर

देहरादून। सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान मोहकमपुर में सात दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप का आयोजन फिनोम इंडिया-सीएसआईआर हेल्थ कोहॉर्ट नॉलेज बेस प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया। कैंप का उद्घाटन आईआईपी निदेशक डॉ. हरेन्द्र सिंह बिष्ट ने किया। इस स्वास्थ्य परीक्षण में बॉडी कम्पोजिशन एनालिसिस, ब्लड प्रेशर, ब्लड कैमेस्ट्री, लिवर फाइब्रो स्कैन, ईसीजी आदि परीक्षण किए गए।

### उत्तराखंड में आपदा आपातकाल जैसे हालात, भंग हो आपदा मंत्रालयः धस्माना

देहरादून। कांग्रेस ने आग से खाक होते उत्तराखंड के जंगलों को लेकर सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने सोमवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बात करते हुए उत्तराखंड में जंगलों में लगी आग को आपदा आपातकाल जैसे हालात करार दिया। कहा कि इस आग से अब देवालय भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। जिस आपदा प्रबंधन विभाग पर जिम्मा है, वो निष्क्रिय पड़ा है। तत्काल आपदा प्रबंधन मंत्रालय को भंग किया जाए। धस्माना ने कहा कि आज प्रदेश में डेढ़ हजार हेक्टेयर वन भूमि खाक हो चुकी है। वन संपदा, वन्य जीव जंतु, आम आदमी तक हताहत हुए हैं। कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी सरकारी सिस्टम के कानों पर किसी भी तरह की जूं तक नहीं रेंग रही है। इस बार बर्फवारी वाले इलाकों तक में आग लगी हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह गायब है। आलम ये है कि पहाड़ों में तो दूर राजधानी देहरादून तक में आग से बचाव नहीं हो पा रहा है। सितंबर महीने से ही आग से निपटने के इंतजाम शुरू हो जाने चाहिए थे। कहा कि पूरे देश में उत्तराखंड में ही आपदा प्रबंधन मंत्रालय है। ऐसा उत्तराखंड में विभिन्न प्रकार की आपदाओं को देखते हुए किया गया। इसके बाद भी ये विभाग सिर्फ रिपोर्ट लेने भर तक सीमित रह गया है। पूरी सरकार दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार में व्यस्त है। जिम्मेदार लोग राज्य से गायब हैं। चारों धामों में यात्रा रूट पर जंगल जल रहे हैं। इससे पर्यटन सेक्टर भी बुरी तरह बाधित हो रहा है। इस आपात काल में जिस तरह सरकारी सिस्टम बेपटरी हो चुका है, उसे देखते हुए कांग्रेस राज्यपाल से मुलाकात कर जल्द दखल देने की मांग करेगा। कहा कि कांग्रेस आपदा जैसे विषय को राजनीतिक विषय नहीं बनाना चाहती, लेकिन जिस तरह पूरी सरकारी सिस्टम सोया हुआ है। उसे जगाने को कांग्रेसी सड़कों पर उतर आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट भी मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव में मतदान स्थल बदलने को डीएम से मिले

देहरादून। हरभजवाला सुधार समिति ने निकाय चुनाव के लिए मतदान स्थल बदलने की मांग की है। उन्होंने इसे लेकर जिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा है। समिति के सदस्यों ने सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर बताया कि निकाय चुनाव के लिए हरभजवाला से चार किमी. दूर मेहूंवाला में मतदान स्थल बनाया गया है। ऐसे में कम मतदाता वोट देने पहुंच पाएंगे। साथ ही लोगों को परेशानी भी होगी। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज मेहूंवाला के बजाए हरभजवाला में ही मतदान केंद्र रखे जाने की मांग डीएम के सामने रखी। ज्ञापन देने वालों में नागेंद्र सिंह कुंवर, जयप्रकाश यादव, सतीश मनूड़ी, गोविंद सिंह नेगी, राकेश गौड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

### जिला समाज कल्याण ऑफिस में प्रदर्शन किया

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने आश्रम पद्धति विद्यालयों में अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रवेश नहीं दिए जाने के विरोध में सोमवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत और प्रदेश संगठन सचिव सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि जौनसार के चकराता क्षेत्र में आश्रम पद्धति विद्यालय में अनुसूचित जाति के बच्चों को प्रवेश दिये जाने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रदेश सरकार शीघ्र कार्रवाई करे। ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। मौके पर प्रमोद डोभाल, सुरेंद्र चौहान, शैलबाला ममगांई, संजय तितौरिया, पदमा रौतेला, प्रवीन कुमार, सुरेश पाल, रजनी, रिंकी कुकरेती, राजेंद्र गुसाईं, दीपा राणा, रंजना नेगी, रजनी थपलियाल आदि मौजूद थे।

### वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा प्रदेशः माहरा

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने वनों में लगी आग के लिए वन विभाग की लापरवाही को असल जिम्मेदार ठहराया। प्रदेश उपाध्क्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी के हवाले से जारी बयान में सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष ने पहाड़ों को आग से बचाने को हेलीकॉप्टर से पानी का छिड़काव किए जाने की मांग की। माहरा ने कहा कि आग की घटनाएं सरकार की नाकामी को उजागर कर रही है। समय रहते कदम उठाए जाते तो ऐसे विकट हालात न पैदा होते। जबकि अब आग लगने की घटनाएं हर साल होती हैं। इसके बाद भी सरकार आपदा से निपटने को समय रहते इंतजाम करने में विफल रहती है। यही वजह है, जो आज के समय में 95 प्रतिशत जंगल जल रहे हैं। मार्च के अंतिम समय से आग लगना शुरू हो गई थी, लेकिन वन विभाग की नींद तब तक नहीं टूटी, जब तक वो दावानल न बन गई। अभी भी पूरा सिस्टम सिर्फ हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

# बांग्लादेश की सबसे सुंदर महिला क्रिकेटर है ये हसीना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बांग्लादेश के खिलाफ खेली जा रही टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम 5 में से 3 मैच में जीत हासिल करके बढ़त बना चुकी है। जिससे फैंस काफी खुश हैं। वहीं, इस सबके बीच अब एक बांग्लादेशी खिलाड़ी अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में आ गई है। इस खिलाड़ी के लुक कातिलाना है, तो Eye मेकअप इतना जुदा है कि हर किसी की निगाहें उसी पर टिकी हुई हैं।

यहां हम बात कर रहे हैं बांग्लादेश की तेज गेंदबाज जहांआरा आलम की, जो क्रिकेट पिच पर अपने शानदार प्रदर्शन से लोगों का दिल जीतती हैं, तो ऑफ फील्ड उनका फैशन सेंस से लाइमलाइट बटोरती हैं। यकीन न हो तो इन तस्वीरों में ही देख लीजिए, जो उनके स्टनिंग लुक का सबूत हैं।

साड़ी में लगती हैं कमालजहांआरा अपने हर लुक को खूबसूरती से स्टाइल करती हैं। एक ओर क्रिकेटर ब्लू नेट की साड़ी में नजर आ रही हैं, तो येलो साड़ी में भी उनका लुक कमाल का लग रहा है। दोनों ही साड़ियों को उन्होंने ब्लैक ब्लउज और मिनिमल जूलरी के साथ स्टाइल किया है। साथ ही पिंक न्यूड लिप्स के साथ वैवी हेयर स्टाइल रखा है।










# NO' बोलना सीख लिया तो बदल जाएगी किस्मत


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : मुझसे 'ना' नहीं बोला जाता, मुझे किसी को भी मना करने में दिक्कत होती है। ये सिचुएशन हर किसी के साथ बनती है। ऐसा फील होता है जैसे 'न' बोलकर हमने कोई गुनाह कर दिया हो। बहुत सारे ऐसे लोग होते हैं जो अपनी पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक किसी को भी 'न' बोलने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं। इस आदत की वजह से न सिर्फ कई बार लोग अपना नुकसान करवा लेते हैं, बल्कि तनाव भी बढ़ सकता है। इसलिए अपनी खुशियों और मजबूत रिश्ते के लिए कुछ मौकों पर इनकार करना चाहिए।

कहते हैं, बहुत ज्यादा अच्छा होना आपने लिए ही नुकसान का कारण बन जाता है। आपकी 'ना' नहीं बोलने की आदत भी इन्हीं में से एक है। जिंदगी में सफल होने के लिए आपको ये जरूर समझना चाहिए कि कब 'ना' करना है क्योंकि कुछ मौकों पर 'हां' बोलना सबसे बड़ी गलती बन जाती है। ऐसे में इन मौकों को समझते हुए आप 'ना' बोलना सीखें। तो चहिए बताते हैं आपको कब कहां और कैसे 'ना' बोलना चाहिए।

जब स्वाभिमान पर आंच आए

किसी भी काम को करने में अगर आप अपने स्वाभिमान से समझौता कर रहे हैं तो इस काम को बिल्कुल मना कर देना चाहिए। क्योंकि एक व्यक्ति का आत्म सम्मान उसके लिए सब कुछ होता है। इसलिए सेल्फ रिस्पेक्ट को ध्यान में रखते हुए अगर कहीं ना बोलने की जरूरत पड़े तो बेहिचक बोलना चाहिए।




वक्त न हो, आपका नुकसान होबीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता, इसलिए वक्त की कद्र करना चाहिए। अगर आपके पास वक्त न हो तो दूसरे के काम के लिए 'ना' कहने में कोई बुराई नहीं है। ऐसी सिचुएशन में अगर आप न नहीं कहेंगे तो आप अपने काम को वक्त से पूरा नहीं कर पाते हैं। फिर आपका डारयेक्ट नुकसान होता है जिंदगी में दूसरों से पिछड़ जाने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए सफल होने के लिए जरूरत पर 'ना' कहें।

## संक्षिप्त खबरें

### वेल्हम ब्वाइज, वेंटेज हॉल स्कूल रोलर हॉकी चैंपियन

देहरादून। डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से रविवार को दून में आयोजित इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के रोलर हॉकी इवेंट के बालक वर्ग में वेल्हम ब्वाइज और बालिका में वेन्टेज हॉल स्कूल ओवरऑल चैंपियन बना। माउंड फोर्ट एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के 320 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एकेडमी की प्रधानाचार्य पारुल शर्मा ने चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस दौरान अंडर 06 आयु रोलर स्केटिंग ब्वाइज में युवान चौधरी, अंडर-8 में अर्पित राणा, अंडर-10 में रेहांश, अंडर-12 में अंकुश भंडारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के अंडर-8 में सेजशी, अंडर-10 में सूर्यांशी, अंडर-12 में समृद्धि ने पहला स्थान पर रहीं। इनलाइन गर्ल्स के अंडर-6 वर्ग मं अक्षिता, अंडर-08 में मेधांशी, अंडर-12 में अनाया पहले स्थान पर रहीं। रोल हॉकी ब्वाइज में माउंट फोर्ट एकेडमी और गर्ल्स में ओक ग्रेव स्कूल दूसरे स्थान पर रहे। मौके पर एसोसिएशन के सचिव प्रियंक शर्मा, नेहा तनेजा, गिरीश मधवाल, प्रियंका, हनुमंत रावत, प्रमोद, आशीष, मंजू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### अहमद अध्यक्ष, लखेड़ा महासचिव बने

देहरादून में सोमवार को अखिल भारतीय केंद्रीय विद्यालय शिक्षक संघ देहरादून संभाग के द्विवार्षिक अधिवेशन में कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें तहत नबील अहमद को अध्यक्ष और डीएम लखेड़ा को चौथी बार महासचिव नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकार संजय गुसाईं ने चुनाव संपन्न कराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीपी थपलियाल और देवेंद्र सिंह, सह सचिव मुख्यालय पीयूष निगम, उपाध्यक्ष एमके मित्तल, गजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, नवीन चौधरी, गुमान सिंह, सहायक महासचिव डॉ बीएस भंडारी, कविता जिंदे, उदय चौधरी, संजय शर्मा, रामचन्द्र, बरखा रतन, सचिव संगठन कुंवर सिंह बिष्ट, सचिव प्रेस एवं पब्लिसिटी रश्मि बिष्ट, सचिव जनसंपर्क पिंकी, सचिव शिक्षा संदीप कंडवाल, सचिव वेलफेयर विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भंडारी, सयुंक्त कोषाध्यक्ष चरन सिंह, लेखा परीक्षक विजय कुमार शर्मा व रविश काला नियुक्त किए गए। तारा जोशी, शैलेन्द्र नेगी, संदीप सिंह, रमेश चंद, प्रिया सिंह, अर्चना कुमार, रीना अमन, आरिफ, विवेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।

### सभी धामों में तीर्थ सुधार नियमावली लागू की जाए

देहरादून। भैरव सेना ने सभी तीर्थ धामों में पंचगव्य आचमन की अनिवार्यता और तीर्थ सुधार नियमावली-1924 लागू करने की मांग पर सोमवार को कचहरी में प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। भैरव सैना कार्यकर्ता कार्यकारी जिला अध्यक्ष गणेश जोशी के नेतृत्व में कचहरी पहुंचे। यहां केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा कि संगठन की ओर से 27 अप्रैल से दो मई तक पंचम पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा कराई गई।

# कोटद्वार : हनी ट्रैप में फंसा शिक्षक, फर्जी युवती ने ऑनलाइन लगाया लाखों का चूना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार 07 मई : यहाँ पर एक शिक्षक को सोशल मीडिया पर दोस्ती करना भारी पड़ गया, ठगों ने युवती बनकर शिक्षक को अपने जाल में फंसाया और फिर उन्हें समय-समय पर ब्लैकमेल कर 3.54 लाख की ठगी कर ली। सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई साइबर ठगों का शिकार होते नजर आता है। ये लोग नए-नए तरीके निकालकर लोगों को लूटते हैं। कम पढ़ें लिखे लोगों को तो जाल में फंसाना आसान है लेकिन ये लोग अब ऐसे नए पेंतरे आजमा रहे हैं जिनसे पढ़े लिखे लोग भी आसानी से इनके ट्रैप में फंसकर अपने पैंसे गँवा दे रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला आया है कोटद्वार से जहां पर ठगों ने एक शिक्षक से सोशल मीडिया के जरिए युवती बनकर दोस्ती की और फिर कुछ समय बाद शिक्षक को अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल कर 3.54 लाख रुपए लूट लिए। ब्लैकमेल से परेशान होने पर शिक्षक ने तरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है और अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एक शिक्षक ने कोतवाली पुलिस कोटद्वार में तहरीर देकर बताया कि बीते 22 फरवरी की रात को उनकी सोशल मीडिया पर एक युवती से दोस्ती हुई जो कुछ दिन तक चली लेकिन फिर उसके बाद उन्हें एक युवक का मैसेज आया कि उनका एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया (Youtube) पर अपलोड किया गया है और इसका समाधान करने के लिए उन्हें दिल्ली साइबर सेल के एक व्यक्ति से बात करने कहा। जिसके बाद ठग ने शिक्षक से वीडियो डिलीट करने के नाम पर गूगल पे के माध्यम से पहले 31 हजार 900 उसके खाते में जमा करने को कहा और शिक्षक ने जमा भी कर दिए।

लेकिन ठग अभी भी नहीं माना और उसने शिक्षक से समय-समय पर ब्लैकमेल करते हुए कुल 3 लाख 54 हजार 400 की धनराशि अपने खाते में मंगवाई और इसके बाद ठग ने शिक्षक को वीडियो डिलीट करने की सूचना एक पत्र के माध्यम से दी लेकिन बीते 5 मई को एक बार फिर शिक्षक को उस व्यक्ति ने फोन कर एक युवती की ओर से उसका वीडियो किसी अन्य सोशल मीडिया अकाउंट से अपलोड करने की बात कही। शिक्षक ने तहरीर में ब्लैकमेल से परेशान होने पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली कोटद्वार के एसएसआई जयपाल चौहान ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी अनजान कॉल को रिसीव न करने और अनजान से दोस्ती न करने का आह्वान किया।

आजकल ठगों ने लोगों को लूटने का एक नया तरीका अपनाया है वे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर युवती के नाम पर दोस्ती के बहाने बातें करते हैं, जिसके बाद वे लोगों को झांसे में फंसा लेते हैं। फिर वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो चलाते हुए पीड़ित व्यक्ति के चेहरे को स्क्रीन रिकॉर्ड करते हैं। इसके बाद वीडियो को डिलीट करने के बजाय उन्हें ब्लैकमेल करके पैसे मांगते हैं।

# कुछ बेहतर की चाह रखेंगे तभी आलस त्याग पाएंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : थोड़े से लालच के बिना, कुछ बेहतर हासिल करने की इच्छा के बिना प्रगति नहीं होती। दुनिया इसलिए प्रगति करती है कि हम बेहतर जीवन जीना चाहते हैं। बेहतर चाहते हैं इसलिए नए आविष्कार होते हैं। आप किसी ऐसी चीज से कतरा रहे हों जो आपको करनी चाहिए, तो आपको खुद से पूछना है कि इसमें मेरे लिए क्या है? थोड़े लालची बन जाएं। यह आलस का सबसे बढ़िया इलाज है।

अंतरात्मा आत्मा का वह प्रकाश है जो हमारे मनोवैज्ञानिक हृदय के कक्षों के भीतर जलता है। यह उतना ही असली है जितनी कि जिंदगी। जब सदाचार के विपरीत कोई चीज सोची या की जाती है, तो यह विरोध में आवाज उठाती है। अंतरात्मा सत्य का ऐसा रूप है जो सही या गलत के बारे में हमारे खुद के कार्यों और भावनाओं के रूप में हमें मार्गदर्शन देती रहती है।पहनावा आपकी सोच और एनर्जी दोनों को बूस्ट कर सकता है। प्रोफेशनल स्पीकर मार्क जॉर्डन कहते हैं कि



अच्छा दिखने से आप सामने वाले को खुद के बारे में संदेश देते हैं कि आप बेहतर मूड में हैं, आपके पास पूरा अधिकार है, आप पूरी तैयारी के साथ काम करते हैं, हमेशा होशियार रहते हैं और सफल हैं। जबकि खराब पहनावा आपके लापरवाही प्रभावी और महत्वहीन होने का संदेश देता है।आपको जो काम करना है उससे पूरी तरह से परिचित हो जाएं। जीवन में ऐसा कोई काम न करें, जिसमें आपकी रुचि न हो क्योंकि जिस काम में आपकी रुचि नहीं होती, उसे आप हमेशा अधूरे मन से करते हैं। आप अपने मन में इस बात को बैठा लें कि अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो जोश बहुत काम आता है। बिना जोश के आपके मन में निराशा के भाव पैदा होने लगेंगे और आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

# अल्मोड़ा : महिला पुलिस कर्मी ममता अब विश्व चैंपियनशिप में दिखाएंगी अपना हुनर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 मई : महिला पुलिस कर्मी ममता चीन में आयोजित होने वाली Laser Run World Championship 2024 के लिए क्वालीफ़ाई किया है, इसमें आज प्रतिभाग करेंगी। उत्तराखंड पुलिस की महिला आरक्षी ममता खाती ने पिछले महीने महाराष्ट्र के अमरावती नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था जिसमें उन्होंने रजत पदक और उनके साथ ही उत्तराखंड पुलिस की उपनिरीक्षक सुनीता चौहान ने स्वर्ण पदक, अपर उपनिरीक्षक अल्का वर्मा ने रजत पदक प्राप्त कर उत्तराखंड पुलिस का मान बढ़ाया था।

उनकी इस उपलब्धि के बाद पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक



प्रशासन एवं उत्तराखंड पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सिंहा ने सभी विजेताओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्हें भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। अल्मोड़ा जिले में तैनात महिला पुलिसकर्मी अब 7 मई से चीन में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप (Laser Run World Championship 2024) में प्रतिभाग कर अपना लोहा मनवाएंगी। आरक्षी ममता खाती की इस उपलब्धि पर एसएसपी देवेंद्र पींचा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### द हैरिटेज स्कूल में सौम्या और अभिलाषा अव्वल

देहरादून। आईएससी बोर्ड परीक्षा में द हैरिटेज स्कूल का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं में सौम्या खोसला ने 97 % अंक और 12वीं में अभिलाषा रावत ने 95.75 % अंक प्राप्त करते हुए स्कूल में टॉपर किया। प्रधानाचार्य डा. अंजू त्यागी ने बताया कि 10वीं में 90 और 12वीं में 53 छात्र छात्राओं परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि 10वीं में वंश कीरत सिंह ने 96.4%, अपराजिता थपलियाल व मानवी बंसल ने 96 %, शिवांश बंदोनी, संचित बिष्ट ने 94.4 %, अनुष्का, यशार्थ नौटियाल ने 94.2 %, अदिति चौहान ने 94 %, आदित्य चौहान ने 93.8 %, सिद्धि गुरूंग ने 93.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी प्रकार युवराज चौधरी ने 93.4 %, वंशिका जैन ने 93.2 %, मुद्रिका अग्रवाल ने 92.6 %, समन आलम 92.2 %, सूर्यांश भट्ट ने 92.2 %, आदित्य कैंतुरा ने 92 %, सौम्या मिश्रा, कुशाग्र बिष्ट ने 91.4 %, पारस बुटोला ने 90.8 %, सुयश वर्मा ने 90.8 %, अभिनव रौतेला ने 90.2 %, मंशा गर्ग ने 90.2 %, आदित्य गुसाईं ने 90 %अंक हासिल किए। 12वीं में दीपांशी सक्सेना ने 94.25 %, खुशी शर्मा ने 92.5 %, अनुराग राणा ने 91.25 %, शुभम सिंह पंवार ने 91 % और जसलीन कौर ने 90.5 % अंक हासिल किए। शत प्रतिशत परिणाम घोषित होने पर स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, निदेशक विक्रांत चौधरी, काउंसलर चारू चौधरी, प्रधानाचार्य डाक्टर अंजू त्यागी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

**बिना ट्यूशन लिए सौम्या ने स्कूल टॉप किया :** हैरिटेज स्कूल में 10वीं की कक्षा में अव्वल रही सौम्या खोसला ने बिना ट्यूशन मैदान मारा है। उनके पिता मोहित खोसला ने बताया कि सौम्या ने पूरे साल सेल्फ स्टडी की। परीक्षा के दौरान नियमित पढ़ाई के घंटों को थोड़ा बढ़ा दिया। स्कूल में पढ़ाए गए विषयों को वो नियमित रूप से घरपर आकर रिविजन करती हैं। खोसला ने बताया कि फिलहाल तो सौम्या का फोकस 12वीं में भी अच्छे नंबर लाने पर है। भविष्य में वो सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

### ब्राइटलैंड में दसवीं व 12 वीं का शत प्रतिशत रिजल्ट

देहरादून। डालनवाला स्थित ब्राइटलैंड स्कूल में दसवीं व 12 वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। ब्राइटलैंड में 10वीं क्लास के 70 फीसदी छात्रों के 90 प्रतिशत से ऊपर अंक आए हैं। नौ छात्रों के 98 फीसदी से अधिक अंक आए हैं। इनमें तो पांच छात्रों ने तो समान रुप से 98.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। वहीं 12 में दस छात्रों के अंक 96 फीसदी से ऊपर हैं। कैमेस्ट्री में तो पांच छात्रों के सौ फीसदी अंक हैं। वहीं स्नेहा मैनी कॉमर्स की टॉपर हैं। उन्होंने 98 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। ब्राइटलैंड्स की प्रिंसीपल पुष्पा थपलियाल ने स्कूल के बेहतर परीक्षा परिणाम पर खुशी जताई है।

### समर वैली स्कूल की छात्राओं ने मारा मैदान

देहरादून। आईएससी और आईसीएसई बोर्ड के सोमवार को घोषित नतीजों समर वैली स्कूल में छात्राएं टॉप पर रही हैं। यहां 12वीं और 10वीं दोनों में छात्रा टॉपर रही हैं। टॉप थ्री में कुल नौ छात्रों में छह छात्राएं शामिल हैं। 12वीं में बालावाला निवासी निया पुरोहित ने 99 फीसदी अंक हासिल किए हैं, जबकि 10वीं में नेहरू कॉलोनी निवासी अविका ध्यानी ने 99.40 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया है। सोमवार को बोर्ड परीक्षा नतीजे घोषित होने के साथ ही तेग बहादुर रोड स्थित समर वैली स्कूल में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंची थी। उन्होंने यहां एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता की बधाई दी। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. अशोक वासू, प्रिंसिपल कर्नल राजेश पोखरियाल, एसोसिएट डायरेक्टर पारुल गोयल ने छात्रों की सफलता पर खुशी जताई। डॉ.वासू ने कहा कि समर वैली स्कूल के छात्र लगातार उत्कृष्ट परिणाम देते आए हैं और इस बार भी वह इसमें खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल न केवल अपने उच्च शैक्षणिक लक्ष्य प्राप्त करता है, बल्कि शिक्षण के अलावा खेल और अन्य गतिविधियों में भी छात्र भागेदारी करते आए हैं। इसमें स्कूल के छात्र दून शहर और राज्य स्तर के इंटर सकूल प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करते आए हैं। बोर्ड परीक्षा में भी छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। प्रिंसिपल कर्नल राजेश पोखरियाल ने बताया कि 12वीं में कुल 118 छात्रों में से 47 और 10वीं में 217 में से 98 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं।

# पौड़ी पुलिस के प्रयासों से ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत 52 स्कूली बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

■ एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा पौड़ी पुलिस को दैनिक ड्यूटियों के साथ-साथ मानवतावादी कार्य करने हेतु लगातार किया जा रहा प्रेरित।

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 07 मई : पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे "ऑपरेशन मुक्ति" भिक्षा नहीं शिक्षा दे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह द्वारा शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने, भिक्षावृत्ति, कूड़ा बीनने, गुब्बारा बेचने आदि कार्यो में लिप्त बच्चों को चिन्हित कर उनका स्कूलों में दाखिला करवाने व हर सभंव मदद करने हेतु निर्देशित किया गया है।






इसी क्रम में ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत पौड़ी पुलिस द्वारा पूर्व में विभिन्न स्कूलों में दाखिला कराए गए बच्चों को दिनांक अपर पुलिस अधीक्षक पौड़ी जया बलोनी के द्वारा स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग, शूज, किताबें, स्टेशनरी आदि स्कूली सामग्री वितरित की गई। स्कूली शिक्षण सामग्री मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों के परिजनों द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पुलिस टीम (ए.एच.टी.यू) के इस कार्य व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया साथ ही एएचटीयू टीम के घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल भेजने हेतु अभिभावकों को प्रेरित करने व लगातार बच्चों की मॉनिटरिंग करने के प्रयासों की सराहना भी की गयी। पौड़ी पुलिस के शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करने के इन प्रयासों में लीलाधर भट्ट कल्याण समिति द्वारा बच्चों को स्कूल ड्रेस, स्कूल शूज, किताब व सिद्धबली स्वीट्स की तरफ से बच्चों को स्टेशनरी, लायन्स क्लब कोटद्वार डिग्निटी के प्रेसिडेंट रोहित बत्रा द्वारा बच्चों के लिए कॉपियां व स्टेशनरी एवं शिक्षिका अनुपसोला द्वारा बच्चों के लिए स्कूल बैग उपलब्ध करवा कर पौड़ी पुलिस के ऑपरेशन मुक्ति अभियान के अंतर्गत दाखिल किए गए गरीब बच्चों को स्कूली सामग्री उपलब्ध कराकर सहयोग किया गया।

पुलिस टीम 1. महिला उपनिरीक्षक सुमनलता, 2. आरक्षी ना0पु0 संजीव कुमार3. आरक्षी ना0पु0 शेखर सैनी4. म हि ला आरक्षी ना0पु0 विद्या मेहता

## संपादकीय

### राम शरणम पीएम

आम चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या गए। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में जाकर 'आराध्य' के दर्शन किए, आरती उतारी, परिक्रमा की और फिर आम आराधक की तरह साष्टांग प्रणाम भी किया। एक बार फिर अयोध्या के एक हिस्से को सजाया गया। असंख्य लोगों ने प्रधानमंत्री पर पुष्प-वर्षा की। उनके प्रति समर्पण और समर्थन जताया। नृत्य के जरिए भी प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया। मुस्लिम घरों ने भी उन्हें फूलों की मालाएं पहनाईं और गदगद होकर स्वागत किया। यह प्रायोजित भी हो सकता है, लेकिन राजनीति और सार्वजनिक जीवन में यह भी जायज है। एक बार फिर अयोध्या का मुद्दा उभारा गया। यह आयोजन भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा निश्चित रूप से था और उस पर सवाल नहीं किया जा सकता। प्रभु श्रीराम और सनातन औसत हिंदुओं की आस्था हैं। प्रभु का स्मरण और पूजा-पाठ का धर्म भी हमारी सांस्कृतिक चेतना है। जितना जरूरी चुनाव और विकास है, उनसे कहीं अधिक प्रभु राम हैं। राम सनातन संस्कृति के प्रतीक-चेहरों में एक हैं। अयोध्या उनकी जन्मस्थली है। अयोध्या 'अपराजेय' है। अयोध्या में इक्ष्वाकु और रघुकुल के इतिहास जिंदा हैं। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री राम मंदिर में गए, शानदार जनसमर्थन से लबालब रोड शो के जरिए आम आदमी से जुड़े, मतदाताओं का अभिनंदन करते रहे, क्योंकि राष्ट्रीय लक्ष्य सामने था। प्रधानमंत्री मोदी देश को सांप्रदायिक तुष्टिकरण में झोंकने के घोर विरोधी हैं, लिहाजा देश और संस्कृति के अस्तित्व के लिए जनादेश मांग रहे हैं। अयोध्या का आयोजन 'राम लला' तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यहां से राम-लहर का प्रारंभ हो सकता है। गौरतलब है कि 7 मई को 93 लोकसभा सीटों पर तीसरे चरण का मतदान होना है। उप्र की 10 सीटें भी उनमें शामिल हैं। अभी तक उप्र की 16 सीटों पर ही मतदान हुआ है। अब दिवंगत नेताओं-मुलायम सिंह यादव और कल्याण सिंह-के गढ़ कहे जाने वाले चुनाव-क्षेत्रों में भी मतदान होना है। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर में आराधना कर स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह बुनियादी और आत्मिक तौर पर 'हिंदूवादी' हैं, लेकिन राम दरबार वाले अंचल में 'समरसतावादी' भी हैं। प्रभु श्रीराम की सबसे सार्थक और सकारात्मक सीख यही है। इतिहास और दुनिया जानती है कि राम मंदिर पर मुलायम सिंह की सियासत क्या थी और कल्याण सिंह आत्मा से कितने 'रामसेवक' थे! इस राजनीतिक संदेश का लाभ भाजपा को जरूर मिलेगा। अयोध्या आगमन का असर आसपास के चुनाव क्षेत्रों पर ही नहीं पड़ेगा, बल्कि पूरे पूर्वांचल में व्याप्त होगा। उसकी परिधि में प्रधानमंत्री का चुनाव क्षेत्र वाराणसी भी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मठ शहर गोरखपुर भी आते हैं। वैसे अयोध्या में मतदान 20 मई को है, लेकिन राम नाम की लहर यहां से शुरू हो सकती है। जो अभी तक राम मंदिर को 'ठंडा मुद्दा' मान रहे थे और यथार्थ भी कुछ ऐसा ही लगता था, अब उनका विचार भंग हो सकता है। पूर्वाग्रह टूट सकते हैं, मोहभंग भी हो सकते हैं और वे यह स्वीकार करने को बाध्य हो सकते हैं कि बेरोजगारी, महंगाई, किसानी, महिला अपराध, आरक्षण के साथ-साथ राम मंदिर भी एक सशक्त चुनावी मुद्दा है, क्योंकि यह 100 करोड़ से अधिक हिंदुओं की आस्था और संस्कृति से जुड़ा है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## अजब-गजब : बड़े होते ही लड़का बन जाती हैं इस गांव की लड़कियां

ब्यूरो रिपोर्ट 07 मई : अधिकांश लड़कों और लड़कियों के लिए यौवन एक अजीब और कठिन समय होता है. इस समय आवाज भारी होने लगती है, मूड स्विंग होता है तथा उन जगहों पर बाल आने शुरू हो जाते हैं, जहां पहले कभी नहीं होते. लेकिन अगर हम आपको बताएं कि दुनिया के नक्शे पर एक ऐसा गांव है, जहां एक उम्र के बाद लड़कियां, लड़का बन जाती हैं तो आप हैरान ही रह जाएंगे.क्या हुआ, चौंक गए न आप? लेकिन यह बिल्कुल सच है. डोमिनिकन रिपब्लिक देश में ला सेलिनास नामक एक गांव है. यहां की लड़कियों का एक खास उम्र के बाद जेंडर चेंज हो जाता है. इसके बाद यहां की लड़कियां, लड़का बन जाती हैं. इस कारण यहां के लोग गांव को श्रापित गांव मानते हैं. इस रहस्य का आज तक वैज्ञानिक भी पता नहीं लगा पाए हैं।



ला सेलिनास गांव की कई लड़कियां 12 साल की उम्र में आते-आते लड़के में तब्दील होने लगती हैं. गांव की लड़कियों के लड़का बनने की 'बीमारी' की वजह से यहां के लोग बेहद परेशान रहते हैं. इस कारण गांव के कई लोगों का मानना है कि यहां किसी अदृश्य शक्ति का साया है. इसके अलावा कुछ बुजुर्ग लोग गांव को श्रापित मानते हैं. इस तरह के बच्चों को 'ग्वेदोचे' (Guevedoces) कहा जाता है. जब गांव में किसी के घर लड़की का जन्म होता है तो उस परिवार में मातम पसर जाता है. क्योंकि उन्हें डर होता है कि उनकी बेटी बड़ी होने पर लड़का बन जाएगी. इस बीमारी के कारण गांव में लड़कियों की संख्या काफी कम होती जा रही है. इस रहस्यमयी बीमारी की वजह से आस-पास के गांव के लोग इस गांव को बुरी नजर से देखते हैं।

समुद्र किनारे बसे इस गांव की आबादी 6 हजार के करीब है. अपने अनोखे आश्चर्य की वजह से यह गांव दुनियाभर के शोधकर्ताओं के लिए रिसर्च का विषय बना हुआ है. वहीं दूसरी तरफ डॉक्टर्स कहते हैं कि ये बीमारी 'आनुवंशिक विकार' है. स्थानीय भाषा में इस बीमारी से ग्रसित बच्चों को 'सूडोहर्माफ्रडाइट' कहा जाता है. जिन भी लड़कियों को यह बीमारी होती है, एक उम्र में आने के बाद उनके शरीर में पुरुषों जैसे अंग बनने लगते हैं. उनकी आवाज भारी होने लगती और शरीर में वो बदलाव आने शुरू हो जाते हैं, जो धीरे-धीरे उन्हें लड़की से लड़का बना देते हैं. गांव का 90 में से एक बच्चा इस रहस्यमयी बीमारी से जूझ रहा है।

### प्रेम विवाह करने पर युवक के पिता की हुई थी हत्या

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती से प्रेम विवाह करने पर उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक के पिता की रविवार को मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। जबकि उसके साथी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस ने पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तीन नामजद और तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार, जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक को कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती से प्रेम हो गया था। दोनों ने पिछले दिनों शादी कर ली थी। युवक के पिता पूरण प्रकाश को इस संबंध में सूचना मिली तो वह उसे तलाशने के लिए निकले।

### इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा सोमवार

रुड़की। रुड़की में इस सीजन का सबसे गर्म दिन सोमवार रहा। सोमवार को पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया। तापमन में हुई वृद्धि के साथ ही सिविल अस्पताल की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है। गर्मी की वजह से शहरवासी परेशान हो गए हैं। अभी तक इस सीजन में 39.5 डिग्री तक तापमान पहुंचा था। मई के पहले सप्ताह में तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। रोजाना बढ़ रहे तापमान से लोगों को गर्मी सता रही है। दोपहर में अधिक गर्मी होने पर सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम रही। गर्मी से बचने के लिए लोग कपड़े से चेहरा ढककर घरों से बाहर निकले। बाइक और स्कूटी सवार लोगों का हाल बेहाल रहा। दोपहर के समय बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। कृषि मौसम वेधशाला आईआईटी रुड़की से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तथा न्यूनतम तापमन 20 डिग्री दर्ज किया गया। इधर, सिविल अस्पताल के ओपीडी में 600 से ज्यादा मरीज उपचार कराने पहुंचे। सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने बताया कि गर्मी की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

रुड़की। पुलिस ने सोमवार को पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। कुंजा नन्हेड़ा अनन्तपुर गांव में ऊर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरी की सूचना पर छापेमारी की थी। छापेमारी में पांच लोगों के घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। अवर अभियंता फैजान अहमद ने नसीम, शहजाद, मुस्तफा और सोमपाल निवासी नन्हेड़ा अनंतपुर थाना भगवानपुर, इरशाद निवासी पुहाना थाना भगवानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### डिहाइड्रेशन से होने वाली बीमारी

रुड़की। मई महीने की शुरुआत में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप के कारण घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों को डिहाइड्रेशन के कारण विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों ने बच्चों व बुजुर्गों को तेज धूप में न निकलने की सलाह दी है। साथ ही उनसे सावधानी बरतने के लिए भी कहा गया है।

# योग से तन व मन स्वस्थ्य होता है : मंत्री गणेश जोशी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 07 मई : मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित बी.एस. नेगी महिला प्राविधिक प्रशिक्षण संस्थान ओ.एन.जी.सी. कोलागढ़ में दून योगपीठ देहरादून की ओर से आयोजित हुए तीन दिवसीय 9वां दून योग महोत्सव 2024 के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने योग महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा योग भारत वर्ष की प्राचीन धरोहर, योग से तन व मन स्वस्थ्य होता है। उन्होंने कहा योग व्यक्ति की मनोबल एकाग्रता पढने की क्षमता को बढाने के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने देश एवं विदेश में योग को एक नई पहचान दिलाई है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा योग हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रेरित करता है। उन्होंने योग को अपनी जीवन पद्धति में शामिल करना आज के समय में अति आवश्यक बताया और सभी से अनुरोध किया कि योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं और एक निरोगी जीवन को अपनाएं।

इस अवसर पर राज्य मंत्री विनोद उनियाल, संस्थापक योगाचार्य डॉ. विपिन जोशी, नमिता ममगाई, प्राचार्य बीएस नेगी, प्रो. कंचन जोशी, अनिल उनियाल, विजेंद्र सिंह, मधु सेमवाल, मथुरा दत्त जोशी, एसपी रयाल आदि उपस्थित रहे।

# खतीब अहमद और शादाब शम्स के नेतृत्व में हज यात्रियों का टीकाकरण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**











देहरादून,7,मईउत्तराखंड से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण अभियान उत्तराखंड में शुरू हो चुका है। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने देहरादून के मदरसा जामिया उल उलूम माजरा देहरादून मेंहज आवेदकों के टीकाकरण के मौके पर बताया कि राज्य में हज यात्रा पर जाने वाले आवेदकों का टीकाकरण प्रारंभ हो चुका है उन्होंने कहा कि आज से 12 मई तक टीकाकरण आरंभ किया जा रहा है।

सुबह 10:00 बजे से ही देहरादून के माजरा के इस मदरसे में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी,इस मौके पर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स के साथ प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर फारूक भी मौजूद रहे।

उत्तराखंड के इन शहरों में हज यात्रियों का टीकाकरण

हज यात्रियों के टीकाकरण अभियान पर जानकारी देते हुए चेयरमैन खतीब ने बताया कि देहरादून माजरा के इस केंद्र पर जनपद देहरादून, टिहरी गढ़वाल और रुद्रप्रयाग के हज आवेदकों का टीकाकरण किया गया है उन्होंने कहा कि 7 मई को हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल के आवेदकों का टीकाकरण हज हाउस पिरान कलियर रुड़की में किया जाएगा इसके साथ ही खतीब ने कहा कि जनपद उधम सिंह नगर क्षेत्र के जसपुर, काशीपुर बाजपुर ,कुंडा ,गदरपुर के हज यात्रियों का टीकाकरण नौ मई को काशीपुर में जब कि खटीमा, रुद्रपुर, सितारगंज, किच्छा, नानकमत्ता और चंपावत के हज यात्रियों का टीकाकरण 11 में को जोया पैलेस सितारगंज में किया जाएगा जबकि नैनीताल अल्मोड़ा पिथौरागढ़ के हज यात्रियों का टीकाकरण मदरसा इशाअतुल हक किदवई नगर हल्द्वानी में आयोजित किया जाएगा ।

देहरादून में इस टीकाकरण केंद्र पर हज आवेदकों को प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ द्वारा सभी जरूरी टीके लगाए गए ।टीकाकरण के दौरान हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब और कर्मचारीयों द्वारा हज यात्रियों को यात्रा के दौरान बरतने वाली जरूरी सावधानियां और जानकारियों के बारे में भी समझाया गया, इस मौके पर खतीब ने कहा कि हमें विदेश में अपने व्यवहार से भारत का नाम रोशन करना होगा और यात्रा के दौरान इस बात का ध्यान सभी हज यात्रियों को वहां के नियम कायदे और कानून का पालन करते हुए जरूर याद रखना है।

# निकाय चुनाव को लेकर सरकार की नीयत में खोट : मथुरा दत्त

देहरादून। निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने सोमवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में कहा कि निकाय चुनाव कराने को लेकर सरकार की नीयत में खोट है। चुनाव समय पर कराने की सरकार की मंशा ही नहीं है। सरकार निकायों की लोकतांत्रिक व्यवस्था का गला घोटना चाहती है। मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि एक तय व्यवस्था है कि निर्वाचित प्रतिनिधि ही नए निर्वाचित प्रतिनिधि को निकायों का हस्तान्तरण करेगा। भाजपा सरकार में हर बार इस व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रशासक बैठा कर समय निकाला जा रहा है। जब न्यायालय सख्त रुख दिखा रहे हैं, तो दिखावे भर को चुनाव की प्रक्रिया को आगे खिसकाया जा रहा है। सरकार समय पर निकाय चुनाव नहीं कराना चाहती है। इसीलिए बार बार खुद ही व्यवस्थाओं में गड़बड़ी कर समय काटा जा रहा है। पहले ओबीसी सर्वे के नाम पर समय काटा गया। अब वोटर लिस्ट में गड़बड़ी कर चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का खुद ही प्रयास किया गया। ऐसे में नहीं लग रहा है कि सरकार जल्द चुनाव कराने की तैयारी में है। कहा कि भाजपा को जिस तरह लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखा रही है। उससे भाजपा डरी हुई है। उसे लोकसभा चुनाव के नतीजों का भान हो गया है। लोकसभा चुनाव के बाद निकाय चुनावों में भी भाजपा का सफाया तय है। इसी हकीकत को जानते हुए चुनाव को पीछे खिसकाया जा रहा है।

**सरकार भ्रमण पर, चार धाम यात्रा की व्यवस्था धड़ाम :** मथुरा दत्त जोशी ने चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं की तैयारियों पर भी सवाल उठाया। कहा कि चारों धामों और यात्रा रूट पर कहीं कोई तैयारी नहीं है। जबकि यात्रा में देश, विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को आना है। यात्रा तैयारियों को पुख्ता करने की बजाय पूरी सरकार भ्रमण पर है। सरकार का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति राज्य में नहीं है। कोई चुनाव प्रचार में व्यस्त है, तो कोई विदेश भ्रमण पर है। ऐसे में सिस्टम सिर्फ भगवान भरोसे चल रहा है।

## इंदिरा मार्केट का काम समय से पूरा नहीं करने वालों पर हो कार्रवाई

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। जिसके जरिये इंदिरा मार्केट रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के कार्य में ढिलाई बरतने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपने के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह को अवगत करवाया कि करीब 242 करोड़ की लागत से प्रस्तावित एक महत्वपूर्ण योजना का काम धीमी गति से चल रहा है। जबकि अब तक पहले चरण का काम पूरा हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई तो मजबुरन आंदोलन शुरू करेंगे। सचिव सीपीआईएम देहरादून अनंत आकाश ने कहा कि आए दिन योजना का काम ठप हो रहा है। एमडीडीए के अधिकारियों को पहले भी कई बार इस बारे में अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन ठीक से मॉनीटरिंग नहीं होने के कारण काम में ढिलाई हो रही है। जिन व्यापारियों और अन्य लोगों को शिफ्ट किया गया है। उन्होंने सुविधाओं के अभाव कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए पेयजल भी नसीब नहीं

रुड़की। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सोमवार को यात्रियों को बस स्टैंड के बाहर कड़ी धूप में बसों की प्रतीक्षा करते देखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 को फोर लेन करने के बाद उसे टोल रोड के रूप में विकसित कर दिया गया, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण द्वारा मार्ग पर यात्रियों को दी जाने वाली कोई सुविधाएं सिरे से गायब हैं। मंगलौर नगर क्षेत्र में प्राधिकरण की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर धूप में खड़े होकर यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ता है। पूर्व में एक निजी संस्था ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया था, लेकिन हाईवे को चौड़ा करने पर उसे ध्वज कर दिया गया। उसके बाद से आज तक नगर क्षेत्र में कहीं पर भी यात्री प्रतीक्षालय की कोई व्यवस्था नहीं है। यही नहीं यात्रियों के लिए पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं है। बस स्टैंड के बाहर खड़े एक वाटर कूलर है जो महीनों से खराब पड़ा है। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण रुड़की के जनसंपर्क अधिकारी अतुल शर्मा ने कहा कि नेशनल हाईवे पर यात्री प्रतीक्षालय एवं पेयजल की व्यवस्था करने की कवायद की जा रही है। यात्रा सीजन से पहले यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कर दिया जाएगा।

## बुजुर्ग किसान को हाथी ने कुचला, मौत

रुड़की। बुग्गवाला के हरिपुर टोंगिया में सोमवार सुबह टहलने गए एक बुजुर्ग किसान को हाथी ने कुचलकर मार डाला। जबकि दूसरे किसान को घायल कर दिया। तीसरे किसान ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया। वहीं, किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। हरिपुर टोंगिया निवासी 65 वर्षीय धर्म सिंह और रविंद्र कुमार समेत तीन किसान सुबह घूमने के लिए निकले थे। इस दौरान जंगल से आबादी क्षेत्र की ओर आए हाथी ने उन पर हमला कर दिया। हमले में धर्म सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रविंद्र कुमार को हल्की-फुल्की चोटें आईं। तीसरे ग्रामीण ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की सिविल अस्पताल भेजा। उधर, सूचना पर परिजन, ग्रामीण और भाकियू क्रांति (अराजनैतिक) के पदाधिकारी भी सिविल अस्पताल में पहुंच गए। उन्होंने तुरंत उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। मौके पर मौजूद वन विभाग के अधिकारियों ने उचित मुआवजा देने की बात कही। लेकिन इस दौरान गुस्साए किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। भाकियू क्रांति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि यह हादसा वन विभाग की लापरवाही से हुआ है। सरकार द्वारा तय किया गया मुआवजा बीस साल पुराने समय के हिसाब से है।